## जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 19.06.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदया, प्रयागराज की अध्यक्षता में जनपद–प्रयागराज हेतु नामित एजेन्सी–मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, विष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेड द्वारा प्रयागराज में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु प्रयागराज द्वारा कार्यो के परीक्षण हेतु समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यकम–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद–प्रयागराज हेतु नामित एजेन्सी–मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, द्वारा जनपद प्रयागराज में 1338 राजस्व ग्रामो में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं एवं गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा (सतही स्रोत गंगा) में 455 राजस्व ग्रामो में पेयजल योजना और विष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेड द्वारा (सतही स्रोत यमुना) में 276 राजस्व ग्रामो में पेयजल योजना द्वारा निर्माण हेतु डी0डब्ल्यू0एस0एम0, प्रयागराज द्वारा परीक्षण एवं अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रयागराज की बैठक दिनांक 19.06. 2025 को विकास भवन प्रयागराज में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. ए0 डी0 एम0 नमामि गंगे प्रयागराज।
2. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
3. अधिशासी अभियनता, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड प्रयागराज।
4. अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय सिंचाई विभाग(बेलन) प्रयागराज।
5. अधिशाषी अभियन्ता, ई0 एंड एम0, प्रयागराज।
6. डिप्टी आर0 एफ0 ओ0 प्रयागराज।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 प्रयागराज
8. सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
9. टीम लीडर एवं डी0 पी0 एम0 (टी.पी.आई.) प्रयागराज।
10. पी0एम0एल एंड टीं मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, प्रयागराज।
11. पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेड प्रयागराज।।
12. जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग प्रयागराज।

### 1–फर्म एल0 एण्ड टी0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की स्थिति :–

| जल जीवन मिशन फेज–2 (M/S Larsen & Toubro Limited,Chennai) | | | | | Total R.V.-1338 |
|---|---|---|---|---|---|
| Total Scheme-664 | | | | | |
| S.No | Work details | Target | WIP | Completed | Portal Status |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Work started | 664 | 658 | - | 658 Schemes |
| 2 | Pipe Laying | 11666.73 | - | 10442 Km | 10442 Km |
| 3 | Boundary Wall | 664 | 14 | 308 | - |
| 4 | Tubewell | 664 | 2 | 643 | 643 |
| 5 | OHT | 664 | 329 | 212 | 212 |
| 6 | Pump House | 664 | 226 | 417 | 417 |
| 7 | FHTC | 335322 | - | 319441 | 319441 |
| 8 | Rig Machine | - | 4 | | 4 |
| 9 | No of Labours/day (Required) | 3386 | 610 | | - |

## 2–फर्म गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा कराये जा रहे कार्यों की स्थिति :–

**जल जीवन मिशन फेज–4 (सतही स्रोत गंगा) M/S Gaja-GAIPL(JV), Hyderabad.**

Total Scheme-1 | Total R.V.-455

| Sl. No. | Details of Work | Target | Work in Progress | Complete | Portal Status |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pipe Laying | 4344.KM | 430 Villages | 3879 KM | 3879 KM |
| 2 | Boundary Wall | 122 NOS | 23 | 50 | - |
| 3 | OHT | 115 NOS | 115 NOS | 0 | - |
| 4 | Intake well (112 MLD) | 01 NOS | 01 NOS | 60% | - |
| 5 | **WTP (90 MLD)** | 01 NOS | 01 NOS | 64% | - |
| i. | Clariflocculator-1 | Civil Work Completed & Electric Work Progress (90%) | | | |
| ii. | Clariflocculator-2 | Civil Work Completed & Electric Work Progress (90%) | | | |
| iii. | Sludge Holding Tank | Civil Work Complete | | | |
| iv. | Filter Building | Civil Work Progress (50%) | | | |
| v. | Admin Building | Civil Work Progress (5%) | | | |
| 6 | Pump House / CWR | 6 NOS | 6 NOS | 36% | - |
| 7 | FHTC | 91419 NOS | - | - | - |
| 8 | No of Labours/day(Required) | 2946 | 1349 | | - |

## 3–फर्म वष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे कार्यों की स्थिति :–

**जल जीवन मिशन फेज–4 (सतही स्त्रोत यमुना) M/S Vishnu Prakash R.Punglia Ltd. Jodhpur, Rajasthan**

Total Scheme-1 | Total R.V.-275

| Sl. No. | Details of Work | Target | Work in Progress | Complete | Portal Status |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pipe Laying | 2329.88 KM | 270Villages | 1939 KM | 1939 KM |
| 2 | Boundary Wall | 77 NOS | 27 | 46 | - |
| 3 | OHT | 73 NOS | 65 NOS | 7 | - |
| 4 | Intake well (55 MLD) | 01 NOS | 01 NOS | 65% | - |
| 5 | **WTP (44 MLD)** | 01 NOS | 01 NOS | 80% | - |
| i. | Clariflocculator-1 | Civil Work Completed. | | | |
| ii. | Clariflocculator-2 | Civil Work Completed. | | | |
| iii. | Sludge Holding Tank | Civil Work Completed. | | | |
| iv. | Filter Building | Wall final lift casting completed. | | | |
| v. | Admin Building | Civil Work Completed. | | | |
| 6 | Pump House / CWR | 3 NOS | 3 NOS | 76% | - |
| 7 | FHTC | 47810 NOS | - | - | - |
| 8 | No of Labours/day(Required) | 1835 | 1010 | | - |

**<u>बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये–</u>**

- पी0 एम0 एल एंड टी ने बताया कि 173 OHT बनकर तैयार हो गई है और 156 OHT के माध्यम से 314 राजस्व ग्रामों में पानी की आपूर्ति की जा रही है पी0 एम0 एल एंड टीं को निर्देशित किया गया कि सभी OHT से जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं यह भी सुनिश्चित करें कि सभी OHT ससमय पूर्ण हो।
- पी0 एम0 एल एंड टी ने बताया कि विगत समीक्षा बैठक में प्रतिमाह 30 OHT पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था किंतु उसके सापेक्ष मात्र 07 OHT पूर्ण किया गया। पी0 एम0 एल एंड टी को कडे निर्देश दिए गए कि यह अत्यंत ही कार्य में शिथिलता को दर्शाता है। प्रत्येक माह 30 OHT पूर्ण करने का लक्ष्य बैकलॉग सहित प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
- पी0 एम0 एल एंड टीं ने बताया कि पंप हाउस 417 पूर्ण हो चुके हैं और पिछले महीने 03 पंप हाउस बनकर तैयार हुए हैं। पी0 एम0 एल एंड टीं को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह 40 पंप हाउस तैयार करें और 21/06/2025 तक माहवार कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करे। जिसके अनुरूप आगामी समीक्षा होगी, साथ ही प्रत्येक सप्ताह व्यक्तिगत रूप से कार्यालय उपस्थित होकर प्रगति के विषय में अवगत कराये।
- पी0 एम0 एल एंड टी को निर्देशित किया गया कि आपके क्षेत्र में जहाँ जलापूर्ति की जा रही है वहां लीकेज की अत्यधिक शिकायत आ रही है इसको ससमय बनवाना सुनिश्चित किया जाए और साथ में लगातार इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए।
- पी0 एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया को निर्देशित किया गया कि इस महीने के अंत तक 10 OHT, अगले माह 10 OHT, और अगस्त माह में 20 OHT, पूर्ण कराना सुनिश्चित करें साथ ही जून माह के अंत तक 05 OHT से जलापूर्ति कराना भी सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि कार्यदायी संस्था एल एंड टी को ससमय योजना पूर्ण करने के लिए प्रतिदिन 3386 लेबरों की आवश्यकता है जबकि उसके सापेक्ष मात्र 610 लेबर कार्यरत है। पी0 एम0 एल एंड टीं को चेतावनी दी गयी कि तत्काल पर्याप्त लेबरों की व्यवस्था कर कार्य निर्धारित समयावधि पर पूर्ण कराये।
- पी0 एम0 एल एंड टी, जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग एवं पी0 एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया को निर्देशित किया गया कि रोड कटिंग कर पाइप लेईंग करने के पश्चात पूर्ण गुणवत्ता के मानको के अनुसार पुनःमरम्मत किया जाए व इसे शीर्ष प्राथमिकता भी दी जाए।
- पी0 एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया एवं जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग को निर्देशित किया गया कि मजदूरों की संख्या लक्ष्य के सापेक्ष वृद्धि कर क्रमशः दिसंबर व मार्च तक सभी कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग एवं पी0 एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया को निर्देशित किया कि माहवार कार्य योजना इस प्रकार प्रस्तुत करेंगे की निर्धारित समय मे योजना पूर्ण हो सके।
- सार्वजनिक निर्माण विभाग के उपस्थित सहायक अभियंता ने बताया कि हमें NOC के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि भविष्य में बिना पूर्ण जानकारी के बैठक में प्रतिभाग न करें यह निर्देश सभी विभागों पर लागू होगा।
- पी0 एम0 एल एंड टी, जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग एवं पी0 एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया को निर्देशित किया गया कि कराये जा रहे सभी कार्यों में विशेष तौर से रोड रेस्ट्रोरेशन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा में रोड रेस्टोरेशन की स्थिति निम्नवत् है:–

## जल जीवन मिशन (फेज–2&4) के अन्तर्गत सड़क पुर्नस्थापना का विवरण

### 1 M/S Larsen & Toubro Limited,Chennai

| Sl.No | Road type | Dismantling Qty(SQM) | Restoration Qty(SQM) | Dismantling Qty(KM) | Restoration Qty(KM) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bituminous Surface | 295542.33 | 295370.24 | 591.08 | 590.74 |
| 2 | B.O.E Surface | 965664.16 | 956302.49 | 1931.33 | 1912.60 |
| 3 | interlocking Road | 601771.06 | 599418.79 | 1203.54 | 1198.84 |
| 4 | C.C Road | 69426.06 | 67068.39 | 138.85 | 134.14 |
| 5 | W.B.M Road | 36252.38 | 34712.83 | 72.50 | 69.43 |
| | **Total** | **1968655.99** | **1952872.74** | **3937.31** | **3905.75** |

### 2 M/S Vishnu Prakash R.Punglia Ltd. Rajasthan

| Sl.No | Road type | Dismantling Qty(SQM) | Restoration Qty(SQM) | Dismantling Qty(KM) | Restoration Qty(KM) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bituminous Surface | 906.50 | 611.00 | 1.81 | 1.22 |
| 2 | B.O.E Surface | 13666.00 | 13496.50 | 27.33 | 26.99 |
| 3 | Interlocking Road | 51189.50 | 50852.00 | 102.38 | 101.70 |
| 4 | C.C Road | 3314.00 | 3205.00 | 6.63 | 6.41 |
| 5 | W.B.M Road | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **Total** | **69076.00** | **68164.50** | **138.15** | **136.33** |

### 3 M/S Gaja-GAIPL(JV), Hyderabad.

| Sl.No | Road type | Dismantling Qty(SQM) | Restoration Qty(SQM) | Dismantling Qty(KM) | Restoration Qty(KM) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bituminous Surface | 168459.00 | 166570.00 | 336.92 | 333.14 |
| 2 | B.O.E Surface | 131333.00 | 129250.00 | 262.67 | 258.50 |
| 3 | Interlocking Road | 255843.00 | 252050.00 | 511.69 | 504.10 |
| 4 | C.C Road | 85787.00 | 81690.00 | 171.57 | 163.38 |
| 5 | W.B.M Road | 15451.00 | 15205.00 | 30.90 | 30.41 |
| | **Total** | **656873.00** | **644765.00** | **1313.75** | **1289.53** |
| | **All Total** | **2694604.99** | **2665802.24** | **5389.21** | **5331.60** |

- TPIA के डी0पी0एम0 द्वारा बताया गया कि एल एंड टीं के 70 ग्रामों में रोड रेस्ट्रोरेशन करने के पश्चात सत्यापन के लिए सूची उपलब्ध कराई गई थी सत्यापनोपरातं पाया गया कि किसी भी ग्राम में रोड रेस्ट्रोरेशन पूर्ण नहीं है, पी0 एम0 एल एंड टी को निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्णक करने के पश्चात ही TPIA को सूची उपलब्ध करायी जाए।

अतः समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो का अक्षरशः अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

(हर्षिका सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी,
प्रयागराज।

# मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।

पत्रांक– /बैठक कार्यवृत्त/ 2025–26 दिनांकः ,2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज।
2 ए0 डी0 एम0 नमामि गंगे प्रयागराज।
3 अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
4 अधिशासी अभियनता, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड प्रयागराज।
5 अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय सिंचाई विभाग(बेलन) प्रयागराज।
6 अधिशाषी अभियन्ता, ई0 एंड एम0, प्रयागराज।
7 डिप्टी आर0 एफ0 ओ0 प्रयागराज।
8 जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 प्रयागराज
9 सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
10 टीम लीडर एवं डी0 पी0 एम0 (टी.पी.आई.) प्रयागराज।
11 पी0एम0एल एंड टीं मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, प्रयागराज।
12 पी0एम0 विष्णु प्रकाश पुगलिया लिमिटेड प्रयागराज।।
13 जी0एम0 गजा इंजीनियरिंग प्रयागराज।

मुख्य विकास अधिकारी,
प्रयागराज।